# 2 .54 लाख रुपए की अवैध शराब बरामद

▸ संेधवा के ग्राम पाडछा में पुलिस ने दी दबिश, अंधेरे का फायदा उठाकर एक आरोपी फरार



**सेंधवा, ( नवभारत )।** पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में जिलेभर में अवैध मादक पदार्थों, अवैध शराब, जुआ-सट्टा एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर एवं एसडीओपी सेंधवा अजय वाघमारे के मार्गदर्शन में थाना सेंधवा ग्रामीण के थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश चंगोडे के नेतृत्व में चौकी चाचरिया पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने एक मकान में अवैध रूप से भंडारित 42 पेटी देशी एवं विदेशी शराब जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख 54 हजार रुपये बताई गई है।

### मुखबिर की सूचना पर दी दबिश

पुलिस के अनुसार 6 जून 2026 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम पाडछा के नवाड फलिया निवासी जालम पिता सरदार के मकान में उसके रिश्तेदार नानसिग पिता कुवरसिग द्वारा भारी मात्रा में अवैध शराब का भंडारण किया गया है। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी सउनि केशव यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दबिश के दौरान एक आरोपी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। इसके बाद पुलिस ने मकान की तलाशी ली, जिसमें 32 पेटी गोवा व्हिस्की (288 बल्क लीटर) तथा 10 पेटी देशी दुबारा प्लेन शराब (90 लीटर) बरामद हुई। कुल 42 पेटी यानी 378 लीटर शराब जब्त कर आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

**कार्रवाई में पुलिस टीम रही महत्वपूर्ण भूमिका**

कार्रवाई में निरीक्षक ओमप्रकाश चंगोडे, सउनि केशव यादव, सउनि राकेश मंडलोई, प्रआर सुनील महाजन, आरक्षक सचिन बुंदेला, प्रआर रामकिशोर प्रजापति, आरक्षक लोकेश मंडलोई, आरक्षक नीरज शर्मा, आरक्षक पंकज पुरोहित, आरक्षक विनोद पाटीदार तथा महिला आरक्षक सुरभि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## 30 जून तक बनाई जाएगी अपार आईडी

**बड़वानी।** राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार सभी विद्यालयों में प्रत्येक विद्यार्थी की अपार आईडी 30 जून तक अनिवार्यत: बनाई जाना है। शालाओं में प्रति शनिवार मेगा अपार दिवस का आयोजन होगा। यूडीआईएसई प्लस पोर्टल से विद्यालयवार अपार आईडी विहीन विद्यार्थियों की सूची से मिलान किया जाएगा। जिन बच्चों के आधार है और अपार नहीं है, उनका अपार आईडी बनाया जाना है। पालकों को शाला स्तर से सूचना देना है। आधार से ही अपार आईडी बनाई जाएगी। राज्य स्तर द्वारा साप्ताहिक रिपोर्ट चाही गई है। इस कार्य की जिला, विकासखण्ड, जनशिक्षा केंद्र स्तर से सघन मानिटरिंग की जाएगी। शासकीय अशासकीय शालाओं को कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया है।

# श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ शुरू

**पानसेमल, ( नवभारत )।** क्षेत्र के राधा कृष्ण धाम मेंद्राणा में संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण कथा की रविवार से शुरुआत हुई। कथा का वाचन परम पुज्य संत श्री राजाराम दास महाराज द्वारा किया जाएगा। कथा के मुख्य नर्मदापुरम निवासी रामदास सोनी एवं परिवार के सदस्य हैं। आयोजन के पूर्व नगर के मुख्य मार्ग से कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें माताएं और बहने कलश को शिरोधार्य कर चल रही थी। वहीं रथ पर संत श्री राजाराम दास महाराज, अयोध्या से संत अयोध्यादास महाराज एवं संत प्रवीणदास महाराज विराजित रहे। धार्मिक भजनों के साथ दुर्गा मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गई।

आयोजकों द्वारा कथा श्रवण कर पुण्य का प्राप्त करने की अपील की गई है। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष शैलेश भंडारकर, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि लोकेश, गोविंद गुप्ता, लोकेश सोनी, भरत शर्मा सहित आश्रम से जुड़े साधक मौजूद रहे। महापुराण एवं संतों का जगह-जगह पुजन कर आशीर्वाद लिया गया। राधा कृष्ण धाम पर श्रद्धालुओं द्वारा अधिक मास के दौरान एक माह तक अखण्ड राम धून भी की जा रही है। कथा का समय दोपहर 2 से 5 बजे तक रखा गया है। आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए पुलिस बल तैनात रहा।





नगर में निकली कलश यात्रा

**एक नजर में**

## बड़वानी की स्नेहा दाऊदे ने बढ़ाया देश का मान एशिया कप हॉकी में जीता कांस्य पदक



**बड़वानी।** जापान में आयोजित अंडर-18 एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए बड़वानी जिले की प्रतिभावान खिलाड़ी कुमारी स्नेहा दाऊदे ने कांस्य पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के हॉकी फीडर सेंटर की इस होनहार खिलाड़ी की ऐतिहासिक सफलता पर संपूर्ण बड़वानी जिले में गौरव और हर्ष का माहौल है। स्नेहा की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर बड़वानी लोकसभा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, राज्यसभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी, कलेक्टर जयति सिंह, पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा बड़वानी नगर की समस्त जनता ने उन्हें हृदय से बधाई दी है और उनके इस शानदार खेल प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं व्यक्त की हैं।

## सद्भावना सभा एवं डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट की आधिकारिक यात्रा

**महू .** लीनेस क्लब महू चांदनी मेन के तत्वावधान में नारी शक्ति स्वाभिमान आत्म सुरक्षा नारी नवचेतना थीम पर स्वाति शर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया. सचिव प्रतिवेदन अंजली नीरज शर्मा ने प्रस्तुत किया . आय व्यय विवरण कोषाध्यक्ष निर्मला खंडेलवाल ने पेश किया . इस अवसर पर क्लब द्वारा डिस्ट्रिक्ट के सप्त सोपान में 6 को पूर्ण किया गया पौधा वितरण, अन्न दान, नेत्र दान, अंग दान, पर्यावरण जागरूकता पर स्लोगन का विमोचन किया गया . डिस्ट्रिक्ट के प्रोजेक्ट पक्षियों के लिए दाना पानी, स्वास्थ्य जागरूकता पर आहार एवं पोषण विशेषज्ञ शीतल अनीस ने जागरूक किया. समाजसेवी सुनीता मेहता, डायरेक्टर अंतिम बाला वर्मा, आरती शर्मा, दीपा पाठक, रेनू शुक्ला, वंदना जायसवाल, किरण शुक्ला, डॉ. संजय श्रीवास्तव, गिरीश कोठारी, मनीष श्रीवास्तव, ब्रजेश अमोनिया, बाबू लाल सैन, धर्मेंद्र शर्मा, आशा परमार, सुधा दुबे सहित क्लब के सदस्य उपस्थिति थे . मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में महू चांदनी मेन के कार्यों की रचनात्मक गतिविधियों की भरपूर प्रशंसा की . अतिथियों एकता तारा सोनी, रीना सैनी, अनीता ठाकुर, राखी शर्मा का स्वागत चंदा नीम एवं हेमलता अग्रवाल ने किया . आभार संयोजिका शोभा व्यास ने माना .

## महू में आज लगेगा विशाल नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**महू .** डॉ . बाबा साहेब अंबेडकर मेमोरियल सोसायटी भीम जन्मभूमि स्मारक महू, एलएनसीटी मेडिकल कॉलेज एवं सेवाकुंज अस्पताल इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार (7 जून) को डॉ . बाबा साहेब अंबेडकर स्मारक परिसर में सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक विशाल नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविरआयोजित किया जाएगा . इस संबंध में डॉ . बीआर अंबेडकर सामाजिक विश्वविद्यालय के मीटिंग हॉल में आयोजित बैठक में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ . अमित सोनी ने कार्यकर्ताओं को बताया कि उपचार के लिए आयुष्मान कार्ड की आवश्यकता नहीं होगी . शिविर में मरीजों के विभिन्न प्रकार के ऑपरेशन, एमआरआई, सोनोग्राफी सहित अन्य आवश्यक जांचें नि :शुल्क की जाएंगी . इसके अलावा मरीजों के आवागमन की व्यवस्था भी नि :शुल्क रहेगी . उन्होंने बताया कि विभिन्न रोगों के उपचार के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम शिविर में मौजूद रहेगी . शिविर के संयोजक राजेश वानखेड़े ने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने गांवों एवं क्षेत्रों से अधिक से अधिक मरीजों को शिविर तक पहुंचाने का आह्वान किया . बैठक में डॉ . नितीश राठौर ने ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के परिवहन एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा कर उन्हें अंतिम रूप दिया तथा कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारियां सौंपीं . बैठक में समिति के सदस्य, आशा कार्यकर्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे .

## जाम-अतिक्रमण को लेकर 35 सामाजिक संस्थाओं ने सौंपा ज्ञापन

**महू .** शहर की सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण, अव्यवस्थित ठेलों और बिगड़ी यातायात व्यवस्था को लेकर महू की 35 सामाजिक संस्थाओं ने विधायक को ज्ञापन सौंपा . संस्थाओं ने चेतावनी दी कि एक माह में मांगें पूरी न होने पर चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा . ज्ञापन में जाम का मुख्य कारण संकरी सड़कों पर चार पहिया वाहनों का प्रवेश, दुकानों के बाहर सामान, पार्किंग की कमी और ठेले-वैन द्वारा स्थायी कब्जा बताया . संस्थाओं ने मांग की कि हरी फाटक, सांघी स्ट्रीट, आर्फियम चौराहा, ड्रीमलैंड, मस्जिद चौराहा और रेडक्रॉस से मालवा हॉस्पिटल तक बाजार मार्गों पर निश्चित समय तक चार पहिया व बसों पर रोक लगे . हाईस्कूल मैदान, कैंटोनमेंट गार्डन, गेरेसिंग ग्राउंड पर व्यवस्थित पेड पार्किंग बने . सामान उतारने के लिए ट्रांसपोर्ट वाहन का समय तय हो . प्रताप बाल मंदिर, चौपाटी, सब्जी मंडी, ड्रीमलैंड पर अवैध कब्जे हटें . केला माता चौराहा से मार्केट चौक तक ठेले प्राइमरी स्कूल के सामने सब्जी मंडी में शिफ्ट किए जाएं . दुकानों के बाहर सामान रखने पर भारी चालान हो . शहर में ट्रैफिक पुलिस की संख्या बढ़ाकर व्यस्त चौराहों पर तैनाती हो . संस्थाओं ने नगर सुरक्षा समिति की तर्ज पर गैर-राजनीतिक यातायात कमेटी बनाने का सुझाव भी दिया .

## केश शिल्पी प्रकोष्ठ में सेन जिला अध्यक्ष नियुक्त

**इंदौर .** म प्र कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार प्रभारी महासचिव डॉ संजय कामले की सहमति से मप्र कांग्रेस केश शिल्पी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामबाबू श्रीवास द्वारा मप्र कांग्रेस केश शिल्पी प्रकोष्ठ इंदौर जिला अध्यक्ष हेतु सचिन सेन की नियुक्ति की गई . इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे, ब्लॉक अध्यक्ष शैलू सेन, पूर्व शहर कांग्रेस महामंत्री जीतू दीवान की अनुशंसा पर नियुक्ति की गई है .

# श्री मुनिसुव्रत स्वामी जिनालय की पाठशाला के बच्चों का बहुमान

**राणापुर।** श्री मुनिसुव्रत स्वामी जिनालय में संचालित यतीन्द्र जयंत जैन पाठशाला के बच्चों के लिए आज का दिन अत्यंत गौरवशाली रहा। पाठशाला में धर्म व संस्कारों की शिक्षा ग्रहण कर रहे नन्हें-मुन्हें बच्चों का श्री राज राजेन्द्र जैन श्वे. तीर्थ दर्शन पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में चल रही पुण्य सम्राट सूत्र ज्ञान अभिवृद्धि योजना के अंतर्गत बहुमान (पुरस्कार वितरण) संपन्न हुआ।

बच्चों की इस उपलब्धि से पूरे राणापुर के श्री मुनिसुव्रत स्वामी त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ में हर्ष की लहर है। समाज के ललित जैन ने बताया कि इस संपूर्ण आयोजन और बच्चों की इस धार्मिक प्रगति में पाठशाला की शिक्षिका सुनीता कटारिया और नीति सालेचा का विशेष योगदान रहा। दोनों शिक्षिकाओं के कुशल मार्गदर्शन, अथक परिश्रम और प्रेरणा की बदौलत बच्चों ने ज्ञानार्जन कर समाज और संघ का गौरव बढ़ाया है।



उपस्थित समाजजनों ने शिक्षिकाओं के इस निस्वार्थ समर्पण की मुक्त कंठ से सराहना की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों और संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा सभी बच्चों को तिलक लगाकर और विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर राणापुर श्रीसंघ के अध्यक्ष चंद्रसेन कटारिया, परिषद अध्यक्ष प्रवीण नाहर के साथ समाज के वरिष्ठ इंदरमल कटारिया, मदनलाल नाहर, मनोहर लाल नाहर, सज्जनलाल कटारिया, शैतानमल कटारिया, रमनलाल कटारिया, दिनेश नाहर, नरेंद्र नाहर, प्रवीण कटारिया, विमल कटारिया, मोतीलाल कटारिया, राजेंद्र कटारिया, वीरेंद्र नाहर, जितेंद्र कटारिया, दिलीप सालेचा, जितेंद्र सालेचा आदि नवयुवक, महिला और बालिका परिषद के सदस्यों ने बच्चों को इसी तरह धर्म मार्ग पर आगे बढ़ने और जिनशासन की प्रभावना करने का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं और बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

# बाग नगरवासियों ने की चारधाम यात्रा

**बाग।** विकासखंड के तीन परिवार राठौड, अजनारिया व राठौर ने मां चामुंडा तीर्थ यात्रा एजेंसी के द्वारा सभी तीर्थ धाम की कठिन यात्रा पूर्ण संकल्प के साथ चारधाम (यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ व बद्रीनाथ) की यात्रा सकुशल संपन्न करी !चारधाम की कठिन यात्रा मे धार-आलीराजपुर व बड़वानी के करीबन पचास तीर्थ यात्री मे बड़े-बुजुर्ग के साथ युवा-युवती व छोटे बच्चे भी शामिल हुए थे !इस यात्रा की शुरुआत उज्जैन के ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर से किय गई और समापन ओंकारेश्वर के दो ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर व ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग के साथ किय गई !चारधाम की कठिन यात्रा मे बाग के विकासखंड की ग्राम पंचायत रिसावला से अजनारिया परिवार के सदस्य की प्रथम बार कोई पीढ़ी भी शामिल हुई !अजनारिया परिवार के सदस्य मे शामिल श्रीमति कमला अजनारिया, दीप्ति अजनारिया, संगीता अनारे और माताश्री के सानिध्य मे सेवक के रूप मे चन्दु रिसावला भी शामिल हुए !इस चारधाम की कठिन यात्रा की विस्तृत जानकारी देते हुए चन्दु रिसावला ने बताया की भारतदेश के कोने-कोने से हजारों की संख्या मे देश भर के श्रृद्धालु चारधाम की कठिन यात्रा मे शामिल होकर श्रृद्धालु केदारनाथ-बद्रीनाथ धाम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त करते है !मां चामुण्डा एजेंसी के मैनेजर देवा पडियार व विक्रम के द्वारा हर माह मे चारधाम और अन्य यात्रा निकाली जाती है !चारधाम की यात्रा सकुशल संपन्न होने के बाद अजनारिया परिवार के सदस्यों द्वारा फूलमाल पहनाकर तीर्थ यात्री का स्वागत-सत्कार किया !इस स्वागत-सत्कार मे विजेंयन्द्रपाल सिंह अजनारियां, उषा अजनारियां, यशवर्धन-जयवर्धन, महेन्द्र अनारे, शकुंतला अनारे, खुशी अनारे और रामू पंचाल इत्यादि तीर्थ यात्री का फूलमाल पहनाकर सम्मान किया !



## 12 बोर के देशी कट्टे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर .** किशनगंज पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को 12 बोर के देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है . पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है . थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने देर रात विश्वास नगर पुलिया के पास एबी रोड पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को रोका . तलाशी लेने पर उसके पास से 12 बोर का देशी कट्टा बरामद हुआ .

# श्रद्धालय वृद्धाश्रम को शासन की योजनाओं का लाभ मिले : चौधरी

**धार।** श्रद्धालय वृद्धाश्रम आकर अच्छा लगा। संचालन संस्था द्वारा वृद्धजनों के लिए किए जा रहे कार्य जानकर बहुत अच्छा लगा। आंख व घुटनों के ऑपरेशन के साथ वृद्धजनों को बत्तीसी भी नि:शुल्क लगवाई जा रही है। जिला प्रशासन का प्रयास होगा की शासन की योजनाओं का लाभ वृद्धाश्रम को मिले। ये उदगार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धार श्री अभिषेक चौधरी ने वृद्धाश्रम में आयोजित मिलन समारोह में व्यक्त किए। एक वृद्ध के कार्य करने के लिए अनुरोध पर उन्होंने कहां कि श्रद्धालय वृद्धाश्रम स्थित दुकान के संचालन के लिए कार्य किया जाएगा।

इस अवसर पर उन्होंने वृद्धजनों को कॉटन चादर भेंट की, वृद्धजनों का आशीर्वाद व स्नेह पाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन श्री दिनेश वर्मा ने की। संचालन समन्वय भोज शोध संस्थान के डॉ दीपेंद्र शर्मा ने किया। अतिथियों का स्वागत वृद्ध पूरनचंद सक्सेना व तोताराम लववंशी द्वारा किया गया।

सामाजिक विभाग समग्र अधिकारी श्री अवनिश दुबे व दिलीप पोटे उपस्थित थे। यह जानकारी आश्रम प्रबंधक विद्या गुंजाल ने दी।



## भाजपा जिला अध्यक्ष महंत भारती से महंत, संत, पुजारी प्रतिनिधि मंडल मिला



**धार।** शनिवार को भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती से जिला कार्यालय पर महंत, संत, पुजारी प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर अपनी समस्या बताई। जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ने सभी, महंत, संत, पुजारी की समस्या सुनी और समस्या सुनने के बाद में तत्काल उसका निराकरण भी किया। पुजारियों की समस्या यह थी की उनकी ई किसान फार्मर आईडी जो मंदिर पुजारी की नहीं बन रही थी। उन्हें खेती करने के लिए खाद नहीं मिल पा रहा था। उसके लिए महंत भारती ने तत्काल धार एसडीएम से बातचीत कर समस्या का समाधान किया इस पर धार एसडीएम साहब ने कहा कि सभी मंदिर पुजारी की फार्मर आईडी बनेगी और उन्हें खाद भी मिलेगा। इस दौरान कैलाश बैरागी कठोडिया, हेमदास बैरागी बगड़ी, इंद्रजीत शर्मा सिलोटिया, महेश शर्मा सिलोदाखुर्द, प्रहलाद दास बैरागी बिलोदाखुर्द, पुरूषोत्तम दास बैरागी बगड़ी, राजेश दास बैरागी बगड़ी एवं सभी संत

## घर में बैठे सॉफ्टवेयर इंजीनियर की हार्ट अटैक से मौत

**इंदौर .** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र की सिल्वर स्प्रिंग कॉलोनी में रहने वाले 42 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई . प्राथमिक तौर पर मामला साइलेंट हार्ट अटैक का सामने आया है . मृतक की पहचान विवेक पिता विजय कुमार के रूप में हुई है . वह घर पर बैठे हुए थे, तभी अचानक उनके सीने में तेज दर्द उठा और हालत बिगड़ गई . परिजन तत्काल उन्हें नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया . डॉक्टरों के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में मौत का कारण साइलेंट हार्ट अटैक माना जा रहा है . सूचना मिलने पर तेजाजी नगर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की . थाना प्रभारी देवेन्द्र मरकाम ने बताया कि मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है .

# भाजपा नगर सेनापति मंडल की मासिक कामकाजी

**धार।** भारतीय जनता पार्टी धार नगर केसरीमल सेनापति मंडल की मासिक कामकाजी बैठक रविवार को भाजपा कार्यालय में सम्पन हुई ।बैठक में मंडल प्रभारी एवं भाजपा जिला महामंत्री राकेश पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति थे । स्वागत उद्बोधन में मंडल अध्यक्ष विशाल निगम ने मण्डल की आगामी कार्य योजना पर विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में पुर्व में संपन्न हुए कार्यक्रमो कि समीक्षा कि गई साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी कि सरकार को 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजीत होने वाले आगामी कार्यक्रमो कि रुपरेखा तय की गई । मंडल बैठक में मंडल अध्यक्ष विशाल निगम भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा अभियान जिला टोली सह संयोजक रितेश अग्निहोत्री नगर पालिका एल्डरमेन राजेश हारो? हरनाम सिंह टोनी मंडल महामंत्री सीमा सोनी अमित शर्मा मंचासीन रहें।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री व मंडल प्रभारी राकेश पटेल ने देश के जनप्रिय एवं यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतापूर्वक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी दिनों में आयोजित होने वाले विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों एवं व्यापक जनसंपर्क अभियानों की रूपरेखा को लेकर बैठक में विस्तृत चर्चा की गई। सभी मंडल कार्यकर्ता अपनी अपनी जिम्मेदारी की महत्वपूर्ण भूमिका के साथ 5 जून से 21 जून तक होने वाले सभी संगठनत्मक कार्यक्रमों के को लेकर घर-घर जाकर सरकार की योजनाओं के साथ हितग्राहियों के बीच संपर्क करना है और सरकार की योजनाओं को पहुंचाना है। बैठक में मंडल पदाधिकारी, मंडल कार्यसमिति सदस्य, वरिष्ठ व युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहें ।



**एक नजर में** ▸ उत्सव समिति और महिला मंडल ने देर शाम तक संभाली भोजन व्यवस्था

# ख्याति प्राप्त संतों का हुआ सम्मान

**कुक्षी।** स्थानीय इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में आयोजित नव दिवसीय रामकथा एवं श्रीराम महायज्ञ महोत्सव का समापन ख्याति प्राप्त संतों के गरिमामय समागम के साथ हुआ। पूर्णाहुति के सुअवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के 7 से अधिक श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण की।दोपहर 12 बजे भव्य महाआरती के साथ शुरू हुआ भंडारा देर शाम तक अनवरत चलता रहा। व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए महिलाओं और पुरुषों के बैठने की अलग-अलग बैठक व्यवस्था की गई थी। इस दौरान मंदिर उत्सव समिति के सदस्यों और बालाजी महिला मंडल की महिलाओं ने मुस्तैदी से भोजन परोसने की कमान संभाली।इससे पूर्व, पूर्णाहुति के अवसर पर मंदिर में महाआरती का आयोजन हुआ। इसके बाद मंदिर समिति द्वारा टोक राजस्थान के महामंडलेश्वर 1008 रामजी महाराज संत सूरजपुरी जी महाराज गंगाकुई, बालकृष्ण महाराज प?याल, मंगलगिरिजी महराज तालनपुर, नटवर गिरी महाराज रोक?या हनुमान मंदिर, कथा आचार्य गोपाल कृष्ण उपाध्याय, यज्ञचार्य पं. कमलेश नागर, मंदिर के पुजारी पंडित रमेश दीक्षित सहित क्षेत्र से पधारे ख्याति प्राप्त संतजनों का शॉल-श्रीफल से भावभीना सम्मान किया गया। आयोजन को सफल बनाने में समरथमल गुप्ता, मूलचंद सोनी, सोनू गुप्ता, रविन्द्र नाना, अर्पित सेठ गुप्ता, उज्ज्वल सोनी, सुनील गुप्ता, रविन्द्र राठौर, वीरेन्द्र गुप्ता, संतोष गुप्ता, बंटी नवकार, चिराग गुप्ता, विकास गुप्ता, रितेश पाटीदार, नरेंद्र राठौ?, पंकज गुप्ता, जय पाटीदार, रवि गुप्ता, लाला गुप्ता, गोल्डी गुप्ता, पिंटू गुप्ता, सहित उत्सव समिति के सदस्यों, बालाजी महिला मंडल की महिलाओं और नगर के अनेक समाजसेवियों का सराहनीय और योगदान रहा।



# युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का टांडा में भव्य स्वागत

**टांडा धार।** युवा कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष उदय भानु चिब व प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया एवं सह प्रभारी शिवी चौहान इंदौर से अलीराजपुर जाते वक्त गंधवानी विधानसभा के टांडा में बोरी रोड चौराहा पर युवा कांग्रेस के नेतृत्व में जोरदार स्वागत ढोल नगाड़ों के साथ किया गया युवा कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष अलीराजपुर में युवा कांग्रेस के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय का घेराव के कार्यक्रम में शामिल हुवे इस अवसर पर इंदौर युवा कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र सिंह राठौर, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि अशोक मांझी, महिला कांग्रेस प्रदेश महा सचिव प्रीति माहेश्वरी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रोहित कामदार, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष बबलू भंवर, टांडा ब्लॉक अध्यक्ष पवन ठाकुर, टांडा मंडलम अध्यक्ष करमसिंह मोहड़ा, युवा कांग्रेस गंधवानी ब्लॉक अध्यक्ष राजू मंडलोई, युवा कांग्रेस गंधवानी विधानसभा उपाध्यक्ष जितेंद्र भाबर केशवी, युवा कांग्रेस टांडा ब्लॉक अध्यक्ष योगेश डोडवे, दोबनी सरपंच तेनु भूरिया, गेटा सरपंच विक्रम सिंघार, बायसिंह मंडलोई, अरुण निगवाल, बरदा सरपंच रतन जमरा, सुवरसिंह सिंघार, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष प्रिंस ठाकुर, युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष अंतिम प्रजापत, हस्दु नगर अध्यक्ष शुभ शर्मा, पवन शर्मा, विजय रावत बरदा, गुलाब भाबर छटवानी, दिलीप देहरीपुरा, आदि कांग्रेस कार्यकर्ता ने स्वागत किया।